हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 18 नवम्बर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 चार समिति प्रबंधकों पर दर्ज होगी एफआईआर










## खबर संक्षेप

### छात्रा से अमर्यादित व्यवहार शिक्षक निलंबित

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभाग कमिश्नर कार्यालय ने नाबालिग छात्रा के साथ अमर्यादित एवं अशोभनीय कृत्य करने के गंभीर आरोप में जशपुर जिले के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्याख्याता गिरधारी राम यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कलेक्टर जशपुर द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 10वीं की नाबालिग छात्रा के साथ श्री यादव द्वारा अनुचित व्यवहार किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। मामले में पुलिस थाना जशपुर द्वारा बीएनएस धाराओं 74, 75, 64(2)(एम), 65(1), 6 और 8 के तहत अपराध दर्ज किया है। जशपुर कलेक्टर कार्यालय द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि घटना अत्यंत गंभीर है और शिक्षक द्वारा ऐसा कृत्य न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि शिक्षक-छात्र संबंधों की मर्यादा व विद्यालयीन वातावरण पर गहरा आघात पहुंचाता है। इस आधार पर गिरधारी राम यादव को छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### बच्चों को गलत ढंग से पढ़ाने वाला शिक्षक निलंबित

**वाड्रफनगर।** बच्चों को अंग्रेजी शब्दों की गलत मीनिंग व स्पेलिंग पढ़ाने वाले शिक्षक को निलंबित कर दिया है। बता दें कि कोगवार मचानडांड शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक प्रवीण टोप्पो का विद्यार्थियों को अंग्रेजी शब्दों का गलत मीनिंग व स्पेलिंग पढाने से संबंधित वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच के निर्देश दिए थे। डीईओ के निर्देश पर संकुल समन्वयक संकुल केंद्र तुगवा द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों को गलत मीनिंग व स्पेलिंग पढ़ाया जाने की पुष्टि हुई। शिक्षक श्री टोप्पो द्वारा पदीय दायित्व के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरती गई है। ऐसे में डीईओ एमआर यादव ने शिक्षक प्रवीण टोप्पो को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

शाला संचालना के समय में अब तक नहीं हुआ परिवर्तन

# सरगुजा शीतलहर की चपेट में बढ़ी स्कूली बच्चों की परेशानी



कड़कड़ांती ठण्ड में सुबह स्कूल जाते बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में भीषण शीतलहर की चपेट में है और कडाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हो गया है। बर्फीली हवाओं ने न्यूनतम तापमान को 6.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा दिया है। इस ठंड से स्कूली बच्चों की परेशानी बढ़ गई है। ठंड के बीच सुबह सुबह स्कूल जाना बच्चे के लिए चुनौतीपूर्ण हो गया है और बच्चों के स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। अभिभावक, छग टीचर्स एसोसिएशन के साथ ही छात्र व सामाजिक संगठन स्कूल के समय में परिवर्तन की मांग कर रहे है लेकिन अब तक जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग ने शाला संचालन के समय में परिवर्तन को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया है।

**खास बात**
- बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा प्रतिकूल असर

### मैनपाट का तापमान 4.8 डिग्री पर

सरगुजा जिले में बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में गिरावट का क्रम जारी है। पश्चिमोत्तर से शुष्क और ठंडी हवा लगातार आ रही है। हवा में नमी की मात्रा कम हो गई है जबकि हवा की आद्रता में भी गिरावट आई है। मौसमविद आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट का क्रम जारी रहने की बात कह रहे है। सरगुजा जिले की बात की जाए तो मौसम विभाग के द्वारा 16 नवम्बर को शहर का अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं सोमवार को अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। ऐसे में शहरी तापमान में मामूली उतार चढ़ाव का क्रम जारी है। बड़ी बात यह है कि सरगुजा के पाट क्षेत्रों में मैनपाट, बलरामपुर के सामरीपाट में भी कडाके की ठंड पड़ रही है। मैनपाट आलू अनुसंधान केंद्र ने सोमवार को न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। पाट क्षेत्रों में कडाके की ठंड के कारण पाला जम रहा है और आने वाले दिनों में शीतलहर का क्रम जारी रहने की बात कही जा रही है।

### एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

कडाके की ठंड व सुबह सुबह के स्कूल संचालन को लेकर एनएसयूआई ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल ने बताया कि सरगुजा जिले में लगातार गिरते तापमान और सुबह चल रही तेज़ ठंडी हवाओं के कारण छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ने का खतरा बढ़ गया है। इसी गंभीर स्थिति को देखते हुए सोमवार को एनएसयूआई ने कलेक्टर सरगुजा के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है और सभी स्कूलों की समय-सारणी बदलकर सुबह 9:00 बजे से करने की मांग की गई है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु जायसवाल, विवि अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष ऋषिकेश मिश्रा, संजय नवाज, अंकित जायसवाल, ऋषभ प्रियांशु आदि मौजूद थे।



### होना चाहिए समय में परिवर्तन

ठंड को देखते हुए स्कूल के समय परिवर्तन की मांग की है गई। सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 10.30 से 3.30 तक शनिवार को 9.30 से 12.30 तक स्कूल का समय निर्धारित होना चाहिए। जिले में संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थानों के समय में परिवर्तन होना चाहिए। शाला संचालन के समय परिवर्तन हेतु डीईओ को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

-**कमलेश सिंह**, जिलाध्यक्ष छग टीचर्स एसोसिएशन

### किया जा रहा है विचार

ठंड को देखते हुए शाला संचालन के समय में परिवर्तन के लिए विचार किया जा रहा है। जल्द ही इसपर निर्णय लेकर आदेश जारी किया जाएगा।

-**दिनेश झा**, डीईओ सरगुजा

बता दें कि सरगुजा पिछले एक सप्ताह से शीतलहर की चपेट में है। पश्चिमोत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में गिरावट का क्रम जारी है। प्रदेश का सबसे ठंडा शहर सरगुजा के होने की बात कही जा रही है। पिछले 57 सालों में सरगुजा में 21 नवम्बर की स्थिति में तापमान अपने न्यूनतम स्तर पर है और लोगों को कडाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच ठण्ड का सबसे अधिक असर मासूम बच्चों पर पड़ रहा है। सबसे बुरी स्थिति शहर के निजी स्कूलों की है। निजी स्कूल के बच्चों को सुबह 6.30-7 बजे ठंड के बीच तैयार होकर घर से निकलना पड़ता है ऐसे में ठंड से बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। प्रातःकालीन विद्यालय संचालित होने से बच्चों को परेशानी हो रही है वहीं शाम के समय भी तापमान में गिरावट शुरू हो जाती ⏭ शेष पेज 4 पर

# पिकअप भिड़ंत में भाजपा नेता के पुत्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

दो पिकअप के बीच हुई भिड़ंत में भाजपा नेता और नपा उपाध्यक्ष के पुत्र की मौत हो गई। टक्कर के बाद गंभीर रूप से घायल किशोर को उपचार के लिए रिफर किया गया था लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। बड़ी बात यह है कि घटना के बाद मृतक के साथी भाग निकले। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।



बताया जा रहा है कि नगर के वार्ड क्रमांक 4 निवासी भाजपा नेता और नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष दिलीप सोनी का 17 वर्षीय पुत्र धर्मवीर सोनी रविवार की देर शाम अपने दोस्तों के साथ पिकअप वाहन से रामानुजगंज की ओर गया हुआ था। दिलीप सोनी व अन्य युवक रात के समय पिकअप से वापस बलरामपुर लौट रहे थे। इस दौरान जामवंतपुर के समीप अंबिकापुर से रामानुजगंज की ओर जा रहे तेज रफ्तार पिकअप से युवकों के पिकअप वाहन की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सामने वाले पिकअप के चक्के उड़ गए। इस घटना में धर्मवीर सोनी गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि अन्य साथियों को भी चोट आई। बड़ी बात यह है कि घटना के बाद धर्मवीर सोनी के साथी मौके से भाग निकले। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल को उपचार के लिए बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था लेकिन रास्ते में ही धर्मवीर सोनी की मौत हो गई। मृतक धर्मवीर अपने परिवार का सबसे बड़ा पुत्र था। उसके बाद उसकी छोटी बहन और एक आठ साल का छोटा भाई है। सोमवार को मृतक का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है और परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

### पत्नी ने पति को उतारा मौत के घाट, जांच में जुटी पुलिस

**अम्बिकापुर।** घरेलू बात को लेकर हुए विवाद पर पत्नी ने न सिर्फ पति की बेदम पिटाई की बल्कि उसे मौत के घाट उतार दिया। परिजन घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। जगदीशपुर निवासी राजेश राजवाड़े आ. घरभरन राजवाड़े सोमवार की दोपहर घर में था। इसी दौरान किसी बात को लेकर पत्नी देवती से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पति-पत्नी के बीच मारपीट होने लगा। इसी बीच पत्नी ने पति की बेदम पिटाई कर दी जिससे पति मौके पर अचेत हो गया। इधर घटना को देख परिजन सहित आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर घायल राजेश राजवाड़े को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर मणिपुर थाना प्रभारी टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम करने के साथ ही जांच शुरू कर दी है।

# एसआईआर के फॉर्म भरने की प्रक्रिया जटिल और दोषपूर्ण : सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा है कि एसआईआर के तहत फॉर्म भरने की प्रक्रिया जटिल और दोषपूर्ण है। शहर के साथ ही ग्रामीण आबादी को फॉर्म भरने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और भविष्य में लोगों को काफी दिक्कत आने वाली है। श्री सिंहदेव सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एसआईआर के तहत फॉर्म मतदाताओं को उनके घर घर जाकर उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी बीएलओ की है। यदि घर का दरवाजा बंद भी है तो फॉर्म को बीएलओ दरवाजे के नीचे से घर के अंदर डालेंगे। बीएलओ को एसआईआर के फॉर्म हेतु एक घर में कम से कम तीन बार जाना है लेकिन हमने जो मंडल और ब्लॉक की बैठकें ली है उससे यह बात निकलकर सामने आई है कि यह प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण है। कई जगह बीएलओ लोगों को बुलाकर फॉर्म दे रहे है जो प्रक्रिया के विपरीत है। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि फॉर्म घर घर पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम यह नहीं कह रहे है कि सभी बीएलओ लापरवाही कर रहे है। कुछ बीएलओ अच्छा काम कर रहे है लेकिन ज्यादातर स्थानों पर ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ पंचों को बुलाकर एक साथ सभी के फॉर्म पकड़ा दे रहे है जबकि शहर में पार्षदों को फॉर्म दे दिया जा रहा है। पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि फॉर्म भरने की प्रक्रिया भी काफी जटिल है और लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। खुद मुझे एमए पास होते हुए भी फॉर्म भरने में कठिनाई हुई और 20 बार सोचना पड़ा कि कहीं कोई गलती ना हो जाए या कुछ छूट ना जाए। जिनका नाम 2003 की सूची में है उनके लिए क्या प्रक्रिया है इसकी सही जानकारी नहीं दी गई है। फॉर्म भी 2025 की मतदाता सूची के आधार पर दिए जा रहे है जबकि सभी के पोलिंग बूथ के नम्बर लगातार बदलते रहते है। फॉर्म में फोटो के लिए खाली स्थान है उसमें फोटो कलर चस्पा करना है या बलैक एंड वाईट इसकी जानकारी नहीं है। सबसे बड़ी बात यह है कि सिर्फ एक ही फॉर्म दिया गया है। यदि कोई गलती हो रही है तो लोग परेशानी में फंस जाएंगे। मतदाता जायज है फिर भी उसे फॉर्म भरना पड़ रहा है जबकि शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र ⏭ शेष पेज 4 पर

- पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा- बीएलओ घर घर नहीं पहुंचा रहे पर्ची, लोगों को फॉर्म भरने में हो रही परेशानी







### दो बाइक आपस में टकराई, दो मजदूर युवकों की गई जान

**अम्बिकापुर।** बनारस रोड चठिरमा बैरियर के समीप दो बाइक की भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत दोनों युवक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार को सोनगरा अंतर्गत ग्राम सकलपुर निवासी रवि (30 वर्ष) व सूरजपुर अंतर्गत ग्राम करवां निवासी मुकेश (30 वर्ष) शहर में मजदूरी करने आए थे। काम खत्म कर दोनों अपने-अपने बाइक से ग्राम करवा जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार चठिरमा बैरियर के समीप पहुंचे तभी बाइक सवार की बाइक आपस में टकरा गई जिससे दोनों सड़क पर गिर गए जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना को देख आसपास के लोगों ने तत्काल घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत दोनों युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजन के नहीं आने पर शव को मरच्यूरी कक्ष में रखा है।

## खबर संक्षेप

### जोड़ा तालाब के पास जामवंत का विचरण



**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय के शहरी इलाके जोड़ा तालाब के पास स्थित रहवासी इलाकों में जामवंत (भालू) दो शावकों समेत दिखाई देने से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बीते कुछ दिनों से भालुओं के लगातार भ्रमण की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग भयभीत हैं और इलाके में अनहोनी की आशंका बनी हुई है। स्थानीय रहवासियों ने वन विभाग से क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाने व भालुओं को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर भेजने की मांग की है।

### यूनिटी मार्च में शामिल हुए एनसीसी कैडेट्स




**बैकुण्ठपुर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन कोरिया के द्वारा यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। कमाण्डिंग ऑफिसर कर्नल सेन्थिल कुमार एस 1 छ.ग. बटालियन एनसीसी कोरबा के निर्देशन में शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के 60 एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी अधिकारी फर्स्ट ऑफिसर संजीव कुमार जायसवाल के नेतृत्व में 4 किमी के यूनिटी मार्च में पदयात्रा कर लोगों को एकता का संदेश दिया।

### नर्सिंग कॉलेज में मेले का आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** एके इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में सोमवार को मेले का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कॉलेज परिसर में लगे विभिन्न आकर्षक स्टॉल, गेम जोन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खान-पान स्टॉलों ने मेले की रौनक को और बढ़ा दिया। छात्र-छात्राओं ने मेले में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, डॉ.आरएनएस, शिक्षा महाविद्यालय के संचालक राजेश शर्मा, सक्रिय पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष रामचरित द्विवेदी, संस्थान के डायरेक्टर डॉ. एके ओझा, समाजसेवी गोपाल सिंह, पत्रकार धुरंधर तिवारी बलरामपुर समेत संस्थान की प्राचार्य, समस्त स्टाफ सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। अतिथियों ने मेले के सफल आयोजन पर कॉलेज प्रबंधन और छात्रों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच, टीम वर्क और सामाजिक समन्वय की भावना विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और उत्साह को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा भी दी। संस्थान के डायरेक्टर श्री ओझा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजन का आभार व्यक्त किया।

### पीले फूल लोगों को लुभा रहे...



**बैकुण्ठपुर।** ठंड के मौसम में कई तरह के फूल खिलते हैं जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर मन को मोह रहे हैं। ऐसा ही एक फूल जिसका वनस्पति नाम कोमो स्टान्स है, जिसे आम तौर पर येलो एल्डर या बेल्स नाम से जाना जाता है जो वर्तमान में शबाब पर है और पेड़ों पर चारों ओर पीले फूलों से लदे हुए हैं।

### स्वर्गीय काका लरंगसाय चौक का किया गया लोकार्पण

**रामानुजगंज।** जिला मुख्यालय बलरामपुर में स्वर्गीय काका लरंगसाय चौक का कृषि मंत्री माननीय रामविचार नेताम द्वारा लोकार्पण किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्ण मिश्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष धीरज सिंह देव, नगर पालिका अध्यक्ष लोधी राम एक्का, उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, पार्षद गौतम सिंह, राकेश सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, जिला मीडिया सह प्रभारी अजय यादव, अमित गुप्ता, मंगलम पाण्डेय, नगर पालिका अधिकारी प्रणव राय उपस्थित थे।

---

धान खरीदी कार्य में बाधा पहुंचाने पर हुई कार्रवाई, सहायक आयुक्त ने एसपी को लिखा पत्र

# चार समिति प्रबंधकों पर दर्ज होगी एफआईआर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान खरीदी जैसे अत्यावश्यक कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में सहकारिता विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की पहल की गई है। सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं कोरिया द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन प्रस्तुत कर आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के प्रबंधकों के विरूद्ध आवश्यक सेवा अनुरक्षण कानून (एस्मा) के तहत एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य शासन द्वारा धान खरीदी कार्य को छग अत्यावश्यक सेवा संधारण एवं विच्छिन्नता निवारण अधिनियम 1979 के अंतर्गत अत्यावश्यक सेवा घोषित किया गया है। इसके बावजूद जिले के आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के समिति प्रबंधकों ने 15 नवंबर से प्रारंभ धान खरीदी कार्य में जानबूझकर अनुपस्थित रहकर कार्य में बाधा उत्पन्न की है। आरोप है कि इन प्रबंधकों ने स्वयं ड्यूटी नहीं की और अन्य कर्मचारियों को भी ड्यूटी में उपस्थित होने से रोका। सहायक आयुक्त सहकारिता आयुष प्रताप सिंह द्वारा प्रस्तुत आवेदन में उल्लेख है कि इस तरह का व्यवहार शासन के आदेशों का गंभीर उल्लंघन है तथा धान खरीदी जैसी राज्यव्यापी महत्वपूर्ण प्रक्रिया को प्रभावित करता है। आवेदन में शासन के गृह विभाग के 14 नवंबर के आदेश का भी हवाला दिया गया है, जिसमें धान खरीदी अवधि के दौरान सभी जिम्मेदार कर्मचारियों को हर स्थिति में कार्य पर उपस्थित रहना अनिवार्य किया गया है।

एफआईआर के लिए भेजी गई सूची में सलबा समिति के प्रबंधक बालाजी रेड्डी, झरनापारा समिति के राम यादव, बैमा समिति के अमरनाथ साहू तथा चिरमी समिति के संजय सिंह के नाम शामिल हैं। इस मामले में पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। सहकारिता विभाग ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी जैसे सार्वजनिक हित के महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या बाधा को गंभीरता से लिया जाएगा।

### सलबा केन्द्र में धान खरीदी का शुभारंभ

सलबा धान खरीदी केन्द्र में सोमवार को दो किसानों के धान की खरीदी कर यहां शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोरिया जिले के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल उपस्थित रहे। इसके साथ ही समिति की प्राधिकृत अधिकारी श्रीमती धर्मवती राजवाड़े, तहसीलदार अमृता सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े, जिला कोषाध्यक्ष रामकृष्ण शर्मा, सलबा सरपंच अंशु कुजूर, उप सरपंच अमीन खान, जगदीश सिंह, संजय दुबे, कृष्ण यादव, तथा आरईओ अमित सहित काफी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नए खरीदी सत्र की औपचारिक शुरूआत पूजा-अर्चना कर की गई तथा किसानों ने उत्साहपूर्वक धान विक्रय प्रक्रिया में भाग लिया।



### राजेश ने बेचा 20 क्विंटल धान

खरीफ वर्ष 2025-26 के तहत सोमवार को तरगवां धान उपार्जन केन्द्र में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी रही। इसी क्रम में तरगवां निवासी किसान राजेश जायसवाल अपने हिस्से का 20 क्विंटल 40 किलो धान बेचने पहुंचे। उन्होंने बताया कि भीड़ से बचने और अपनी सुविधा के लिए उन्होंने पहले ही ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर लिया था, जिसके कारण उन्हें केन्द्र में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

### तुंहर टोकन मोबाइल एप ने दी बड़ी मदद

जिले में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। इसी क्रम में सोमवार को ग्राम तेंदुआ निवासी किसान राजेन्द्र साहू एवं उनके पुत्र गीतेश साहू सहकारी समिति पटना में अपना 26 क्विंटल 40 किलोग्राम धान बेचने पहुंचे। किसान राजेन्द्र साहू ने बताया कि तुंहर टोकन मोबाइल एप के माध्यम से उन्हें आसानी से टोकन प्राप्त हुआ।

### युवा किसान ने बेचा 100 क्विंटल धान

खरीफ वर्ष 2025-26 के तहत छग सहित कोरिया जिले में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हो गई है। धान खरीदी शुरू होने के साथ ही जिले के किसान खेत-खलिहान से मिंजाई कर विभिन्न साधनों के माध्यम से अपने धान को सहकारी समितियों तक पहुंचा रहे हैं।

### चार उपार्जन केन्द्रों से 212.05 क्विंटल धान की खरीदी

**मनेन्द्रगढ़।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के धान उपार्जन कार्य का शुभारंभ पूजा-अर्चना के उपरांत हुई। पहले ही दिन चार सक्रिय उपार्जन केन्द्रों में 6 किसानों से कुल 231.25 क्विंटल धान विक्रय का प्रस्ताव प्राप्त हुआ था, परंतु सोसायटी मॉड्यूल सॉफ्टवेयर में तकनीकी त्रुटि के कारण एक किसान का डाटा उपार्जन मॉड्यूल में प्रदर्शित न होने से पांच किसानों से कुल खरीदी 212.05 क्विंटल पर दर्ज हुई, जिसे प्रशासन ने तत्परता से सुधार कर अगले कार्य दिवस पर खरीदी सुनिश्चित करने के लिए कहा है।



# सोनहत में कड़ाके की ठंड, जनजीवन प्रभावित



**सोनहत।** मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामों में बीते दो दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। शाम लगभग 5 बजे से ही ठंड का प्रभाव बढ़ने लगता है, जिससे सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है।

ठंड का असर पूरी रात भर बना रहता है और सुबह करीब 8 बजे तक जारी रहता है, जिससे आमजन की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। कड़ाके की ठंड के बावजूद किसान अपनी मेहनत की फसल को समेटने में रात-दिन जुटे हुए हैं। पारंपरिक विधि की बजाए धान की मिंजाई अब थ्रेसर से होने लगी है, जिससे किसानों को कुछ राहत मिल रही है। ठंड का असर खास तौर पर वृद्धजन और छोटे बच्चों में अधिक देखा जा रहा है, इनमें सर्दी-खांसी जैसी सामान्य परेशानियां बढ़ गई हैं। मौसम साफ होने के साथ वनांचल ग्रामों, नहर-नदी किनारे बसे गांवों और तालाबों के आसपास बसे बसाहट क्षेत्रों में ठंड का असर और ज्यादा कड़ा महसूस किया जा रहा है, इससे बचाव के लिए ग्रामीण अलाव का सहारा ले रहे हैं।

### बीएससी नर्सिंग 6 वें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट





**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ हेल्थ एण्ड एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में बीएससी नर्सिंग कोर्स संचालित है।

विवि द्वारा बीएससी नर्सिंग के 6वां सेमेस्टर का परीक्षा जूलाई-अगस्त 2025 में संपन्न किया गया था एवं बीएससी नर्सिंग छठवां सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम 13 नवंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा घोषित कर दिया गया है। इसमें न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग छठवां सेमेस्टर के छात्राओं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। सभी अत्तीर्ण छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जिसमें छात्रा रेषमी साहू 80.33 प्रतिशत लेकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की एवं सुनीता अहिरवार 80 प्रतिशत लेकर द्वितीय स्थान तथा मेघा सिंह 78.5 प्रतिशत लेकर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त की। छात्राओं ने परीक्षा परिणाम का श्रेय माता-पिता, संस्था के प्रबंधन एवं प्राचार्य डॉ. अंजना सैमुएल तथा समस्त शिक्षकों को दिया। संस्था प्रबंधन, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

# राष्ट्रीय स्तर पर नेक्सस ऑफ गुड अवार्ड्स से सम्मानित हुए डीएफओ



सम्मानित हुए डीएफओ मनीष कश्यप।

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़ डीएफओ मनीष कश्यप को दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित नेक्सस ऑफ गुड अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके दूरदर्शी नेतृत्व, नवाचारपूर्ण कार्यों और प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण के प्रति समर्पण के लिए दिया गया है। विशेष रूप से गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क को विकसित करने और उसे पर्यटन से जोड़ने के उनके प्रयासों को राष्ट्रीय मंच पर सराहा गया।

■ गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क ने राष्ट्रीय स्तर पर दिलाई पहचान

गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क जो प्रदेश की अद्वितीय भू-वैज्ञानिक विरासत का प्रतीक है, पिछले कुछ वर्षों में लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। डीएफओ श्री कश्यप ने न केवल इस स्थल के संरक्षण पर ध्यान दिया, बल्कि इसे वैज्ञानिक दृष्टि से व्यवस्थित संजोया और जनमानस के लिए आकर्षण का केन्द्र बनाया, उनके मार्गदर्शन में फॉसिल पार्क में संरक्षित करोड़ों वर्ष पुराने समुद्री जीवों के जीवाश्मों को वैज्ञानिक पद्धति से सुरक्षित किया गया, जो पृथ्वी के प्राचीन इतिहास को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फॉसिल पार्क में संरक्षण के साथ पर्यटन विकास को एक साथ आगे बढ़ाने की उनकी रणनीति को व्यापक सफलता मिली है। व्यवस्थित मार्ग, सूचना पट्ट, गाइडेड टूर, फोटो पॉइंट, शोध और अध्ययन की सुविधाएं, इन सभी ने पार्क को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभारा है। परिणाम स्वरूप अब तक 13 हजार से अधिक पर्यटक यहां पहुंचकर इस अद्वितीय प्राकृतिक धरोहर को देखने का आनंद ले चुके हैं। बढ़ती पर्यटक संख्या ने न केवल क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाए, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान की है।

पुरस्कार समारोह में वक्ताओं ने कहा कि गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क, डीएफओ मनीष कश्यप के नवाचार, समर्पण और प्रबंधन कौशल का उत्कृष्ट उदाहरण है। उनके प्रयासों ने यह साबित किया है कि यदि प्राकृतिक संसाधनों का वैज्ञानिक ढंग से संरक्षण किया जाए और उसे पर्यटन से जोड़ा जाए, तो यह स्थानीय विकास का मजबूत आधार बन सकता है। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद डीएफओ श्री कश्यप ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि वन विभाग की पूरी टीम, स्थानीय प्रशासन और क्षेत्रवासियों के सहयोग का परिणाम है।

### राज्य स्तर पर बेलबहरा के छात्रों ने लगाई हैट्रिक

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा के छात्रों ने बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, विज्ञान नाटिका एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला 2025-26 के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान मेला में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरी बार द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राज्य स्तरीय यह प्रतियोगिता स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में विकसित और आत्मनिर्भर भारत विषय पर आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में बेलबहरा विद्यालय की टीम ने नवाचारपूर्ण वैज्ञानिक मॉडल, प्रभावी प्रस्तुति और सारगर्भित विज्ञान नाटिका के माध्यम से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। छात्रों की टीम ने अपनी नाटिका के माध्यम से वैज्ञानिक सोच, पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी विकास पर प्रेरक संदेश प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्राचार्य बलराज पाल ने बताया कि छात्रों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और टीमवर्क के दम पर यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सिद्ध करती है कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र भी उचित मार्गदर्शन से बड़े मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

# बीएससी नर्सिंग प्रवेश प्रक्रिया के लिए पुनः नया ऑनलाइन आवेदन 22 तक




**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में संचालित न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग द्वारा बीएससी नर्सिंग कोर्स के लिए पात्र उम्मीदवारों की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। संचालनालय चिकित्सा शिक्षा (डीएमई) के आदेशानुसार तिथि 9 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 17 अक्टूबर की गई थी, पुनः नया ऑनलाइन आवेदन की तिथि में 22 नवंबर तक वृद्धि की गई है। संचालक चिकित्सा शिक्षा छग के निर्देशानुसार बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन सूचना शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए, प्रदेश के शासकीय एवं निजी नर्सिंग महाविद्यालयों में संचालित बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए व्यापम द्वारा प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसके परिणाम भी घोषित हो चुके हैं, जिसकी प्राप्तांक की प्रावीण्यतानुसार आवंटन किया जाएगा। वर्तमान में हायर सेकेंडरी शिक्षा उपरांत बायोलॉजी संकाय के विद्यार्थियों के लिए 4 वर्षीय बीएससी नर्सिंग कोर्स किया जा सकता है। बीएससी नर्सिंग के लिए बायोलॉजी संकाय विषय अनिवार्य है। शासन के नियमानुसार आरक्षित वर्ग को प्रवेश के लिए 12 वीं के प्राप्तांक में छूट प्रदान है। नर्सिंग कोर्स के लिए आयु 17 से 35 वर्ष होना अनिवार्य है।

बीएससी नर्सिंग कोर्स में प्रवेश के लिए व्यापम द्वारा आयोजित पीएनटी (प्री नर्सिंग टेस्ट) में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इस वर्ष व्यापम द्वारा 29 मई को बीएससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा छग के सभी जिलों में आयोजित की जा चुकी है। ज्ञात हो कि बैकुंठपुर में संस्था न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में 4 वर्षीय बीएससी नर्सिंग कोर्स बैंक ऑफ इंडिया के बगल में संचालित हैं। प्रवेश एवं काउंसलिंग संबंधित पूर्ण जानकारी के लिए संस्था में प्रतिदिन कार्यालयीन समय पर संपर्क किया जा सकता है। न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग इंडियन नर्सिंग काउंसिल दिल्ली, छग शासन, नर्सों के पंजीयन के लिए स्टेट नर्सिंग काउंसिल रायपुर एवं आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त है। प्रशिक्षण के लिए अधिकृत संस्थान- शासकीय जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर, एसईसीएल रीजनल हॉस्पिटल चरचा कॉलरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना एवं अधिनस्थ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तंत्रिका मनोचिकित्सा एवं संबंद्ध विज्ञान संस्थान, रांची है।

# तहसील साहू संघ केल्हारी जनकपुर का चुनाव



हरिभूमि न्यूज. बरबसपुर

एमसीबी जिला अध्यक्ष राम बरन साहू के नेतृत्व में रविवार को तहसील साहू संघ केल्हारी तथा जनकपुर तहसील साहू संघ का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया। केल्हारी तहसील साहू संघ चुनाव केल्हारी निवासी शंभू दयाल साहू के निवास में हुए चुनाव में कई पदाधिकारी चुने गए।

इसमें अध्यक्ष सुरेश साहू भैंसाताल, उपाध्यक्ष आशीष साहू केंवटी, उपाध्यक्ष नीलम साहू केल्हारी, संगठन सचिव धनमतिया बाई केल्हारी, संगठन सचिव शंकर साहू सेमरिया रहे। जनकपुर तहसील साहू संघ चुनाव जनकपुर में पहली बार आयोजित चुनाव अमर बहादुर साहू के सिंगरौली स्थित निवास में संपन्न हुआ। इसमें निम्न पदाधिकारी निर्वाचित हुए। इसमें अध्यक्ष अमर बहादुर साहू सिंगरौली, उपाध्यक्ष राम बिहार साहू नवड़िया, उपाध्यक्ष मीरा साहू बड़काडोल, संगठन सचिव राधा साहू बरहोरी, संगठन सचिव शिवपाल साहू रहे। चुनाव कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनेन्द्रगढ़ तहसील अध्यक्ष महेश साहू, जिला महामंत्री बसंत साहू, जमुना साहू, राम नारायण साहू, राम केश्वर साहू, राम सुभग साहू, राम बहादुर साहू, राजेश साहू, काशीराम, भागवत साहू सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डोमनहिल में नेत्र परीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम



**डोमनहिल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोमनहिल में विद्यालय के आग्रह पर जिला चिकित्सालय के नेत्र विभाग के सहयोग से नेत्र परीक्षण सह नेत्र जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेत्र रोग विशेषज्ञ सह एमएस डॉ.श्रीमती भाषिता साहू उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि जिला नोडल अधिकारी रामकरन साहू, नेत्र सहायक रजनीश कुमार और रूपनाथ सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रजनी सालोमन ने की।

मंच पर वरिष्ठ व्याख्याता एमएच अंसारी और संकुल शैक्षिक समन्वयक शंभू नारायण सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर धूप प्रज्जवलन के साथ किया गया। प्राचार्य रजनी सालोमन ने स्वागत उद्बोधन देते हुए नेत्र विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों को स्वस्थ दिनचर्या अपनाने की सलाह दी। जिला नोडल अधिकारी रामकरन साहू ने बच्चों को मोबाइल के सीमित उपयोग, टीवी देखने की उचित दूरी तथा आंखों की स्वच्छता संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.भाषिता साहू ने आंखों के व्यायाम, सही खानपान और दृष्टि सुरक्षा के उपायों पर विस्तार से चर्चा की तथा विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के 80 विद्यार्थी (38 छात्राएं, 42 छात्र) तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के 59 विद्यार्थियों ने नेत्र परीक्षण कराया। साथ ही विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी परीक्षण का लाभ लिया।

कार्यक्रम में व्याख्याता देवी प्रसाद काठे, श्रीमती अभिलाषा दुबे, श्रीमती नेहा सिंह, श्रीमती रंजना बड़ा, श्रीमती पूनम केरकेट्टा, विद्या मितान एस. रजक, सहायक शिक्षक ऐनु सिंह, विनोद वर्मा, गौकरण राजपूत, कर्मचारी रजाउल मुस्तफा, संदीप कुमार, कौशल, शिव सिंह उपस्थित रहे। मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन के.प्रफुल रेड्डी द्वारा किया गया।

# बच्चों ने किया खड़गवां थाने का शैक्षणिक भ्रमण



**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के खड़गवां थाना परिसर में सोमवार को बच्चों की जिज्ञासा और उत्साह से भरा रहा, जब मिडिल एवं प्राइमरी स्कूल खड़गवां के लगभग 100 छात्र-छात्राओं को पुलिस द्वारा शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

इस विशेष भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली, सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, साइबर जागरूकता और ट्रैफिक नियमों की बुनियादी जानकारी देकर जागरूक बनाना था। भ्रमण के दौरान पुलिस अधिकारी थाना प्रभारी सुनील तिवारी ने बच्चों को थाना परिसर में होने वाले विभिन्न कार्यों, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, पेट्रोलिंग, नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था तथा अपराध रोकथाम के लिए किए जाने वाले प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बच्चों को समझाया कि पुलिस का मुख्य कार्य जनता की सुरक्षा और सहायता करना है और जरूरत पड़ने पर पुलिस हमेशा उनके साथ खड़ी रहती है। इस अवसर पर बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि कौन-सा स्पर्श सुरक्षित है और कौन-सा नहीं। उन्हें बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति ऐसा स्पर्श करे, जिससे असहजता महसूस हो, डर लगे या संदेह हो, तो तुरंत ना कहें, वहां से दूर हटें और माता-पिता, शिक्षक या पुलिस जैसे विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी अवश्य दें। इस सत्र ने बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाया और उन्हें सुरक्षा के प्रति सतर्क रहना सिखाया।

